# टॉप न्यूरॉन्स 5th बैच JEE & NEET 2026 की तैयारी के लिए

**भारत के टॉप साइंस, इंजीनियरिंग, मेडिकल इंस्टिट्यूट जैसे IISc, IIT, NIT, AIIMS में प्रवेश के लिए निःशुल्क तैयारी हेतु**

**उद्देश्य:**

प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए प्रेम शांति चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा जुलाई 2020 में एक अभिनव कार्यक्रम "टॉप न्यूरॉन्स" शुरू किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अन्य विद्यार्थियों की तरह प्रतिभाशाली किन्तु विपन्न विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के समान अवसर प्रदान करना है जो देश के शीर्ष विज्ञान, प्रोद्योगिकी, चिकित्सा संस्थानों के लिए प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक खर्च नहीं उठा सकते है।

**कार्यक्रम का विवरण:**

यह कार्यक्रम केवल उन छात्रों के लिए है जो वर्तमान में देश के किसी भी राज्य से 2023 में 9वीं कक्षा उत्तीर्ण की हैं, जो वर्ष 2026 में देश के शीर्ष विज्ञान, इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश लेना चाहते हैं लेकिन आर्थिक समस्या के कारण ऐसा नहीं कर पा रहे है। इस ``टॉप न्यूरॉन्स`` कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं निम्नानुसार प्राप्त होगी:

- जो छात्र टॉप न्यूरॉन्स कार्यक्रम में चुने जाएंगे, उन्हें भारत के शीर्ष संस्थानों से 100% मुफ्त कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी।
- कोचिंग क्लासेस अप्रैल 2024 से केवल जयपुर, राजस्थान में व्यक्तिगत रूप से प्रदान की जाएगी।
- कोचिंग संस्थान एवं ट्रस्ट द्वारा किताबें और अध्ययन सामग्री निःशुल्क प्रदान की जाएगी।
- पी.जी. की सुविधाऐं जयपुर, राजस्थान में सभी चयनित छात्रों को प्रदान की जाएगी।
- छात्रों को केवल जयपुर के स्कूलों में प्रवेश लेना होगा और टॉप न्यूरॉन्स कार्यक्रम इसमें सहायता करेगा।
- चयनित छात्रों को निरंतर मार्गदर्शन के लिए कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ताकि वे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें और भविष्य में खुद को वह देश के जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर सकें।
- टॉप न्यूरॉन्स के छात्र जो देश के शीर्ष संस्था में चुने जाएंगे, लेकिन वे संस्था की फीस का भुगतान करने में असमर्थ होंगें, उन्हें ट्रस्ट द्वारा मदद दी जाएगी।

**चयन के लिए पात्रता मापदंड**

- जिन छात्रों ने किसी भी माध्यम से 9वीं कक्षा उत्तीर्ण की है। और 11वीं कक्षा में साइंस स्ट्रीम (फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स और/या बायोलॉजी) लेना चाहते हैं।
- ऐसे छात्र जिन्होंने वर्ष 2023 में 9वीं कक्षा उत्तीर्ण की है और अपनी श्रेणी और बोर्ड प्रतिशत के आधार पर निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करते है|

    **सामान्य/ ओ.बी.सी. वर्ग:** 9वीं कक्षा में न्यूनतम 85%
    **अनुसूचित जाती/अनुसूचित जनजाति वर्ग:** 9वीं कक्षा में न्यूनतम 80%
    **शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणी:** 9वीं कक्षा में न्यूनतम 75% .

- जो छात्र अपने परिवार / रिश्तेदारों की मदद से कोचिंग की फीस का वहन कर सकते हैं, वे इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकते, केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र ही भाग ले सकते हैं|
    - विद्यार्थी के माता-पिता दोनों की संयुक्त वार्षिक आय और वार्षिक खर्च 3.00 लाख रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए।
    - विद्यार्थी के माता-पिता या अभिभावक या भाई-बहन सरकारी, पीएसयू और पब्लिक लिमिटेड कंपनी के वर्तमान या सेवानिवृत्त स्थायी कर्मचारी नहीं होने चाहिए।
    - वे विद्यार्थी जिनके माता-पिता निर्माण / कारखाने में लेबर के रूप में काम कर रहे हैं, रिक्शा /आटो चालक, हॉकर्स, ड्राइवर्स, टेलर्स, नाई, प्लंबर, सिक्योरिटी गार्ड, चपरासी, घरेलू कामगार, एग्रीकल्चर में कॉन्ट्रैक्ट लेबर, छोटे किसान और इसी तरह के मजदूरों को अंतिम चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। ।
    - विधवा के बेटे / बेटी को प्राथमिकता दी जाएगी।
    - लड़कियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
    - न्यूनतम 10% छात्रों का चयन एससी / एसटी / पीडब्ल्यूडी वर्ग से किया जायेगा|

**चयन प्रक्रिया**

**चरण 1: आवेदन चरण:**

- विद्यार्थी को आवेदन पत्र भरना होगा और केवल वे ही विद्यार्थी परीक्षा दे पाएंगे जो उपर्युक्त पात्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं।

- आवेदन के लिए छात्र www.topneurons.org के माध्यम से फॉर्म भर सकते हैं|

**<u>चरण 2: टॉप न्यूरॉन्स प्रीलिम्स परीक्षा:</u>**

- विद्यार्थी को ऑनलाइन परीक्षा देनी होगी, ऑनलाइन परीक्षा की तारीख वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

- ऑनलाइन परीक्षा पैटर्न:

  **विषय:** गणित / जीवविज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, मानसिक योग्यता

  **प्रश्नों के प्रकार:** बहुविकल्पीय प्रश्न

  **कुल समय:** 60 मिनट

  **कुल प्रश्न:** 60

**<u>चरण 3: टॉप न्यूरॉन्स मुख्य परीक्षा:</u>**

- विद्यार्थी को ऑनलाइन परीक्षा देनी होगी, ऑनलाइन परीक्षा की तारीख वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

- ऑनलाइन परीक्षा पैटर्न:

  **विषय:** गणित / जीवविज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, मानसिक योग्यता

  **प्रश्नों के प्रकार:** बहुविकल्पीय प्रश्न

  **कुल समय:** 90 मिनट

  **कुल प्रश्न:** 92

**<u>चरण 4: वित्तीय पृष्ठभूमि सत्यापन चरण:</u>**

- **पारिवारिक जानकारी:** विद्यार्थियों को अपने परिवार आदि के बारे में अधिक विस्तार से बताने के लिए कहा जाएगा।
- **आवश्यक दस्तावेज़:** आय का प्रमाण जैसे बिजली बिल, राशन कार्ड, स्कूल प्रधानाचार्य का सिफारिश पत्र, माता-पिता का आय प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड, स्कूल रसीद प्रदान करना होगा।
- **साक्षात्कार:** टॉप न्यूरॉन्स कार्यक्रम की समिति प्रत्येक चयनित विद्यार्थी के परिवार का दौरा करेगी या विद्यार्थी की पारिवारिक वित्तीय स्थिति जानने के लिए वीडियो कॉलिंग के माध्यम से जाएगी। वे यह आंकलन करेंगे कि छात्र की पारिवारिक पृष्ठभूमि किस तरह की है, और सभी जानकारी और जांच के बाद, समिति निर्णय करेगी और निर्णय अंतिम और मान्य होगा।

**<u>चरण 5: प्रवेश चरण:</u>**

- **अंतिम चयन:** दो बैच बनाए जाएंगे, एक जेईई तैयारी के लिए और दूसरा एनईईटी तैयारी के लिए। कक्षाओं के लिए प्रारंभ तिथि वेबसाइट पर अपडेट की जाएगी। ये कक्षाएं केवल राजस्थान के जयपुर में होंगी।

**पता:** एस – 23 कृष्णा मार्ग, श्याम नगर, अजमेर रोड, जयपुर - 302019 राजस्थान
**ईमेल:** info@topneurons.org **वेबसाइट:** www.topneurons.org **M** – 9358699209, 9358699210
ट्रस्ट पंजीकरण संख्या: 2014051000333 दिनांक: 9 जुलाई 2014